डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 207 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 11 मई 2024 | मूल्य 2 रुपया






## पिपलियामंडी में ओले गिरे

### अंचल में कहीं तेज तो कहीं बूंदाबांदी, शहर में जमकर बरसे बदरा

**मंदसौर, 10 मई गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में बारिश का दौर जुलाई अगस्त की तरह जारी है। एक दिन छोड़कर एक बार फिर शुक्रवार को बारिश हुई। तेज आंधी और तूफान के साथ पिपलियामंडी क्षेत्र में बारिश के साथ ओले भी गिरे। वहीं मंदसौर और शामगढ़ के अलावा जिले में कहीं तेज तो कहीं बूंदाबांदी के रूप में बारिश हुई। इससे गर्मी से काफी राहत मिली। शहर में तो काफी देर तक बादल बरसते रहे।

शुक्रवार को मौसम एक बार फिर बदल गया। सुबह तेज गर्मी और धूप से लोग खासे परेशान नजर आए। तीन बजे बाद बादल छाए। पिपलियामंडी में बारिश के साथ ओलावृष्टी भी हुई। मक्का के दाने के आकार के ओले गिरे। जिला मुख्यालय पर बादल छाने के साथ ही तेज हवाओं का दौर चला। इसके बाद करीब डेढ़ घंटे तक तेज बारिश हुई।

## अब सरकारी स्कूलों में लगाएंगे समर कैम्प

### लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किए निर्देश

**भोपाल, 10 मई गुरु एक्सप्रेस।** अब सरकारी स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन होगा। एक माह तक खेलो सहित अनेक गतिविधियां आयोजित कराई जाएगी। 13 मई से इसकी शुरुआत होगी। लोक शिक्षण संचालनालय कमिश्नर शिल्पा गुप्ता ने इसके संबंध में निर्देश जारी किए हैं। विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए इन कैम्प में इनडोर गेम्स के साथ अन्य रचनात्मक कार्य बच्चों को सिखाएं जाएंगे। यहां पेंटिंग, डांस, संगीत जैसी गतिविधियां कराई जाना है। इस दौरान स्कूलों में शिक्षक मौजूद रहेंगे। इनके अलावा प्रशिक्षण देने के लिए एक्सपर्ट की व्यवस्था जिला स्तर पर करनी होगी। समर कैम्प 13 मई से शुरू होकर 13 जून तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में 20 दिन तक गतिविधियां कराई जानी है। इसमें भाग लेने वाले बच्चों को रजिस्ट्रेशन करना है। इनका आयोजन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक होगा।

### सड़क दुर्घनाओं के मामले में पुलिस काटती खात्मा...

# मुआवजा तो मिल जाएगा... इंसाफ की गारंटी नहीं!



## हिट एंड रन में अब एडीसीपी-एसडीएम दिलवाएंगे मुआवजा

**मंदसौर, 10 मई गुरु एक्सप्रेस।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार अब हिट एंड रन केस में गंभीर जख्मी या मृतक के परिवार को जल्द मुआवजा दिलवाने की जिम्मेदारी एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक और एसडीएम की कमेटी की होगी। संबंधित घायल या मृतक के परिवार से फॉर्म भरवाने के बाद भी यदि उसे मुआवजे की राशि नहीं मिली तो राशि मंजूर करने वाले अफसर को 5 लाख रुपए तक के जुर्माने या दो साल तक की सजा हो सकती है। हालांकि अब मुआवजे की गारंटी तो मिल गई है। लेकिन अभी भी इंसाफ की गारंटी नहीं मिली है। सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में अधिकांश दोषी वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं हो पाती। इसका कारण है पुलिस ? न्याय के लिए लोग इंतजार करते रहते है और पुलिस ने खात्मा काटकर फाईल ही खत्म कर दी। ऐसे कई मामले है..!

### मुआवजे के लिए लागू होगी प्रतिकर योजना...

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद मप्र के सभी जिलों में अब हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना-2022 लागू होगी। पहले इसे सॉलेशियम फंड योजना के नाम से जाना जाता था। योजना के सही क्रियान्वयन के लिए एक कमेटी गठित की गई है। इसकी मॉनिटरिंग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2024 में इस कमेटी के गठन का निर्देश दिया था। अभी तक सॉलेशियम फंड योजना में सड़क हादसे में मृत्यु होने पर 25000 रुपए और घायल होने पर 12500 रु. की आर्थिक सहायता दी जाती थी। ये राशि केंद्र सरकार ने निर्धारित की है। जिसमें प्रदेश सरकार भी मदद करती है। इसके लिए आवेदन पत्र, एफआईआर, पीएम रिपोर्ट या घायल व्यक्ति की एमएलसी, मृतक के परिवार का परिचय पत्र, बैंक का विवरण देना जरूरी है। पुलिस के जरिए ये प्रकरण कलेक्टोरेट भेजे जाते हैं, जहां से राशि स्वीकृत की जाती है।

### मुआवजा तभी, जब आईओ लिखकर देंगे- आरोपी नहीं मिला...

योजना का लाभ संबंधितों को तभी मिलेगा, जब हिट एंड रन मामले का जांच अधिकारी (आईओ) लिखकर देंगे कि 30 दिन बाद भी न आरोपी मिला न उसके वाहन का पता चला है। इसके बाद संबंधित घायल या मृतक के परिवार से वही आईओ इस योजना का प्रोफॉर्मा भरवाएंगे। इसके बाद ही गंभीर घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपए और मृतक के परिवार को दो लाख रुपए मुआवजा दिया जा सकेगा।

### 90 प्रतिशत मामलो में खात्मा...

पुलिस अधिकारियों की माने तो हर साल होने वाली दुर्घटनाओं में करीब दस से बारह फीसदी ऐसे प्रकरण, जिसमें अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज होते हैं। पिछले साल लगभग 40 से अधिक मामले में अब तक अज्ञात वाहन चालक से दुर्घटना के मामले जिले के थानों में दर्ज हुए है और चार साल के आंकड़े देखे तो 100 ऐसे मामले अज्ञात वाहन से दुर्घटना के दर्ज हुए है। जिसमें करीब 90 फिसदी में खात्मा काट फाईल बंद कर दी गई है।

# लोन एप के झांसे में फंस रहा युवा

## कंपनियों द्वारा की जा रही ब्लैक मेलिंग से तनाव में लोग, स्वयं की जिंदगी से खिलवाड़

**मंदसौर, 10 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले में ऑनलाइन लोन देने वाले ऐप के कारण लोग विशेषकर युवा ब्याज के जाल में फंस रहे हैं। ऐसे मामलो में परेशान लोगो द्वारा इंदौर-भोपाल में सामूहिक आत्महत्या के मामले सामने आ चुके हैं। जिसमें परिवार के मुखिया ऑनलाइन लोन देने वाले ऐप के जाल में फंसे थे। चंद रुपयों की ऑनलाइन उधार ली गई राशि लाखों रुपए में तब्दील हो गई थी।

कंपनियां उपभोक्ताओं को लुभावने ऑफर दिखाकर जाल में फंसाती हैं। उसके मोबाइल फोन का पूरा का पूरा एक्सेस ले लेती हैं। लोन चुकता हो जाने के बाद भी कंपनियों द्वारा अधिक रुपयों की मांग की जाती है। मांग पूरी न होने पर ब्लेकमेलिंग की जाती है। कई एप तो हर मिनट की पेनाल्टी लेते हैं। इस कारण हजारों रुपए का लोन कब लाखों में बदल जाता है, लोन लेने वाले को पता ही नहीं चलता।

एक बार किसी मोबाइल ऐप से लोन लेने के बाद उसे चुकाने के लिए पीड़ित दूसरे ऐप से लोन लेता है। फिर तीसरा और चौथे ऐप से लोन लेता है। इसके बाद वह ऐप से लिए गए लोन और उसके ब्याज को चुकाने के जाल में बुरी तरह फंस जाता है। जब वह लोन नहीं चुका पाता, तो सभी कंपनियां एक साथ उसे परेशान करने लगती हैं।

### सूदखोरी का बड़ा धंधा, अंकुश नहीं...

कुछ समय पहले सूदखोरों पर कार्रवाई के बाद कुछ हद तक इन पर लगाम लगाने में पुलिस सफल रही थी। लेकिन, एक बार फिर जिले के सूदखोरों ने भी कर्जदारों पर ऐप की तरह चक्रवृद्धि ब्याज और पेनाल्टी लगानी शुरू कर दी है। एक बार सूदखोर के जाल में फंसने के बाद कर्जदार पूरी जिंदगी ब्याज ही चुकाता रहता है। पिछले दिनों पुलिस ने कई सूदखोरों के खिलाफ कार्रवाई की, लेकिन बाद में यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। सूदखोर फिर से लोगों से मनमाना ब्याज वसूल रहे हैं।



## ऑनलाईन ऐप से परेशान युवक ने लगाई फांसी...

दो दिन पहले इंदौर के द्वारकापुरी इलाके में रहने वाले भारत पिता राजू तलरेजा उम्र 30 वर्ष ने बुधवार दोपहर जहर खाकर अपने दोस्त कमल को कॉल किया। अस्पताल में भारत की उपचार के दौरान मौत हो गई। दोस्त कमल ने बताया कि उसने प्ले स्टोर पर दिखने वाले कई बैंकिंग एप को डाउनलोड कर अलग-अलग करीब डेढ़ लाख रुपए का कर्ज ले लिया। इसके बाद एप की तरफ से लगातार कॉल कर उसे धमकी मिल रही थी। जिसमें दोगुने ओर तिगुना रुपए जमा करने की बात की जा रही थी। भारत इस बात से काफी डिप्रेशन में आ गया था।



## बालागंज स्कूल के मतदान केन्द्रों पर होगी वोटिंग के दिन परेशानी

### केम्पस में स्थित सभी स्कूलों की बरसात में होती है अघोषित छुट्टी

**मंदसौर, 10 मई गुरु एक्सप्रेस।** शुक्रवार को एक बार फिर बारिश ने अपने तेवर दिखाए। जिला मुख्यालय पर हुई बारिश से कई जगहों पर पानी जमा हो गया। इस बेमौसम बारिश से सबसे ज्यादा परेशानी बालागंज स्कूल में आ सकती है। इसका कारण है कि इसे मतदान केंद्र बनाया गया है। जबकि, मैदान में बारिश के दिनों में पानी जमा होने पर स्कूलो में अघोषित अवकाश हो जाता है। वहीं अभी भी बारिश की संभावना मौसम विभाग व्यक्त कर रहा है। जबकि, बालागंज स्कूल में आधे घंटे की बारिश में दो दिनों तक पानी जमा होने से स्कूल में प्रवेश करना मुश्किल होता है।

बता दें कि बालागंज स्कूल केम्पस में दो प्रावि, एक मावि और हाईस्कूल और हायसेकंडरी लगते हैं। यहां दस माह में से एक माह अवकाश होता है। मिनी स्टेडियम का सपना पूरा करने की तो दूर की बात यहां स्कूल पहुंचने के लिए ग्राउंड तक की स्थिति सुधारने की जहमत जिम्मेदारों ने नहीं उठाई। हर बारिश में पानी जमा होने के बाद कीचड़ हो जाता है। जिससे स्कूलों तक पहुंचना संभव नहीं। अपने स्तर पर जरुर साइडों में गिट्टी या रेत डालकर स्कूल स्टॉफ स्कूल तक पहुंचने के लिए रास्ता तैयार करता है। लेकिन, यह समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। इस समाधान से स्टॉफ तो जैसे तैसे स्कूल तक पहुंच पा रहा है। लेकिन बच्चों का पहुंचना संभव नहीं है।

## सरपंच प्रतिनिधि को पीटा, 5 पर प्रकरण दर्ज, अवैध वसूली का मामला भी

**पिपलियामंडी, 10 मई गुरु एक्सप्रेस। सरपंच प्रतिनिधि के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। वहीं एक आरोपी पर अवैध वसूली का केस भी दर्ज किया।**

खेड़ाखदान निवासी सरपंच प्रतिनिधि वासुदेव गुर्जर ने पिपलिया पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि सरकारी ट्यूबवेल चलाने की बात पर दशरथ पिता रतलाल गुर्जर से झगड़ा हो गया। इसी बात को लेकर प्रात: बालाजी मंदिर के पास जयप्रकाश पिता भंवरदास बैरागी, दिनेश पिता भंवरदास बैरागी, अजय पिता दिनेश बैरागी, मेरे काका के लड़के चन्द्रेश पिता मोहनलाल गुर्जर व दशरथ पिता रतलाल गुर्जर ने गाली-गलौज की व लात-घुसों से मारपीट की। बीच बचाव करने आए मेरे भतीजे राजेन्द्र गुर्जर के साथ भी मारपीट की। मेरे गले शरीर पर चोंटे आई। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

### अवैध वसूली का केस भी दर्ज

एक अन्य मामले में वासुदेव गुर्जर ने शिकायत दर्ज कराई कि दशरथ गुर्जर ने बोला कि मेरी बिना मर्जी के सरकारी ट्यूबवेल से पानी सप्लाय नही कर सकता। अगर सरपंच बने रहना है तो मुझे हर महिने हिस्सा देना पड़ेगा। वसूली के पैसे देना पडेगें। मैंने मना किया तो दशरथ ने मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

## अनिल धनोतिया की साढ़े नौ करोड़ की संपत्ति फ्रीज

**मंदसौर, 10 मई गुरु एक्सप्रेस।** मादक पदार्थो के तस्करों पर शिकंजा कसते हुए मंदसौर पुलिस ने नारायणगढ़ क्षेत्र के तस्कर अनिल धनोतिया पर सफेमा के तहत कारवाही करते हुए साढ़े 9 करोड रूपऐ की सम्पत्ति को फ्रीज किया है। पुलिस के मुताबिक यह सम्पत्ति आरोपी ने तस्करी के माध्यम से अर्जित की थी।

पुलिस ने बताया कि नारायणगढ़ के पूर्व थाना प्रभारी तेजेन्द्र सिंह सेंगर एवं पुलिस टीम द्वारा 28 अप्रेल 2023 को मुखबीर सूचना पर कार्यवाही करते हुवे आरोपी अनिल पिता कैलाशचन्द्र धनोतिया जाति पोरवाल निवासी ग्राम लिम्बावास के कब्जे से 3 किलो 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम जप्त कर थाना नारायणगढ़ पर अपराध धारा 8/18, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी अनिल धनोतिया की चल अचल संपत्ति की जानकारी संकलित की जाकर सफेमा एक्ट के तहत संपत्ति फ्रीज कराने हेतु प्रकरण तैयार कर सक्षम प्राधिकारी सफेमा एनडीपीएस कार्यालय मुंबई (महाराष्ट्र) के समक्ष पेश किया गया। जिस पर कार्यवाही करते हुये सक्षम प्राधिकारी कार्यालय मुंबई (महाराष्ट्र) द्वारा आरोपी अनिल धनोतिया निवासी ग्राम लिम्बावास द्वारा अवैध रुप से लाभ कमाकर नीमच मन्दसौर हाईवे पर स्थित श्री नाकोडा होटल, पिपलिया मण्डी स्थित दो पक्के मकान, ग्राम लिम्बावास मे दो पक्के मकान आदि कुल 09 करोड़ 45 लाख रुपये की संपत्ति को फ्रीज करने का आदेश जारी किया गया।



## फिर फ्लाप हो गया कांग्रेस का रोड शो, बीच से ही निकल गए पटवारी

**मंदसौर, 10 मई गुरु एक्सप्रेस।** शहर में कांग्रेस का रोड शो फ्लाप हो गया। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी की अगुवाई में मंदसौर में रोड शो आयोजित किया गया था। इसके लिए गांधी चौराहे से लेकर पूरे मार्ग में कुछ जगहों पर स्वागत मंच बनाऐ गए। लेकिन, जीतू पटवारी इस बार भी वहा तक पहुंचे ही नहीं। अपने तय समय से करीब एक घंटा देरी से पहुंचे पटवारी केवल रस्म अदायगी कर इंदौर के लिए रवाना हो गऐ। उन्होंने गांधी चौराहे से रोड शो शुरू किया और बस स्टेण्ड बालाजी मंदिर से पहले से ही अपनी गाड़ी में सवार होकर निकल गए। बाद में स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने रोड शो किया। लेकिन तवज्जों नहीं मिल पाई।



कांग्रेस उम्मीदवार के नामाकंन के दिन भी शहर में राजस्थान के पूर्व सीएम सचिन पायलट, विवेक तन्खा, प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण यादव का रोड शो प्रस्तावित था। उस दिन भी मुख्य मार्ग पर कुछ जगह स्वागत की तैयारी की गई थी। लेकिन, प्रबंधन की कमजोरी के चलते स्वागत के लिए बनाऐ मंच सूने ही रह गऐ थे। क्योंकि, कांग्रेस के नेता रोड शो में पहुंचे ही नहीं। वे गांधी चौराहे पर आमसभा को संबोधित कर अपनी गाड़ी में सवार होकर हेलीपेड पहुंच गए। स्थानीय कार्यकर्ताओं को भी रोड शो की सूचना नहीं दी गई। जिसके कारण कार्यकर्ता भी अपने गन्तव्य की ओर चल पड़े और कांग्रेस उम्मीदवार अकेले रोड शो के लिए तैयार किए गऐ रथ में सवार होकर देखते रह गऐ, बाद में रोड शो को स्थगित कर दिया गया। शुक्रवार को एक बार फिर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी मंदसौर संसदीय क्षेत्र में पहुंचे। मंदसौर शहर मे शाम साढे 4 बजे से पटवारी का रोड शो था। लेकिन शाम करीब साढे पांच बजे पटवारी मंदसौर पहुंचे और रोड शो में सम्मिलित होने के लिए गांधी चौराहा आए। लेकिन यहां से बस स्टेण्ड बालाजी मंदिर तक ही चले और जनता के बीच पहुंचने से पहले ही गाडी में सवार होकर इंदौर के लिए निकल गऐ। पटवारी के जाते ही स्वागत की तैयारी किए हुए कार्यकर्ताओं में इस बार भी मायूसी छा गई। हालांकि बाद में स्थानीय नेताओं ने रोड शो किया और भारतमाता चौराहा, घंटाघर, सदर बाजार, धानमंडी होते हुए जनकुपूरा पहुंचे। लेकिन, इस दौरान कार्यकर्ताओं की निराशा के चलते तवज्जों नहीं मिली। पटवारी के जाने के बाद अधिकांश कार्यकर्ता भी निकल गऐ ऐसे में एक बार फिर कांग्रेस का रोड शो केवल रस्मअदायगी बनकर फ्लाप हो गया।

## ब्रह्म समाज द्वारा धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती

### शहर सहित अंचल में अनेक स्थानों पर निकला चल समारोह

**मंदसौर, 10 मई गुरु एक्सप्रेस।** भगवान विष्णुजी के छटे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव अंचल में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदसौर शहर सहित अंचल के कस्बो में सकल ब्राह्मण समाज द्वारा चल समारोह निकाला गया। इस चल समारोह में सकल ब्राह्मण समाजजन शामिल हुए। मंदसौर में चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से निकला। जगह-जगह चल समारोह का स्वागत किया गया।



परशुराम वाटिका में भगवान परशुराम की आरती के साथ समारोह का समापन हुआ। दलौदा नगर में चौपाटी स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद चल समारोह शुरू हुआ। अंकुर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में समाज का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंदसौर जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, सदस्य पुष्कर शर्मा भी शामिल हुए। कार्यक्रम में सकल समाज द्वारा समाज हित के लिए आगे की कार्ययोजना भी बनाई गई। पौराणिक मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ था, इसलिए उनकी शक्तियां अक्षत मानी जाती है।




# भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने गरोठ नगर व नीमच ग्रामों में किया जनसंपर्क

**मंदसौर/नीमच, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** मोदी सरकार के 10 वर्षो में मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास हुए है। शिक्षा, स्वास्थ्य ,कृषि, रेलवे के दोहरी करण के साथ मोदी सरकार की योजनाओं को हर वर्ग को लाभ मिला है। भाजपा का संकल्प है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। यह बात भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने गरोठ नगर व नीमच के ग्रामों में जनसंपर्क के दौरान कही। सुधीर गुप्ता ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में संसदीय क्षेत्र में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। उन्होने कहा कि गरोठ उज्जैन फोर लेन निर्माण होने से क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। इसके साथ ही दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे की सौगात क्षेत्र में मिलने से व्यापार व्यवसाय के साथ क्षेत्र के लोगों को आवागमन में आसानी होगी। वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में संसदीय क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज के निर्माण, नीमच जिला चिकित्सालय में र्ट्रार्मा सेंटर खुलने से अब गभीर बीमार मरीजों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पडेगी।

शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने गरोठ नगर व नीमच के चल्दु, केलुखेडा, बामनिया,सेमली मेवाड, छायन में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान सुधीर गुप्ता का जगह-जगह पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। जनसंपर्क के दौरान सुधीर गुप्ता ने कहा दस वर्षो में मोदी जी के नेतृत्व में संसदीय क्षेत्र में शिक्षा, रेलवे, स्वास्थ कृषि सडक के साथ अन्य क्षेत्रों में विकास हुआ है। गरोठ सिंचाई परियोजना से क्षेत्र के 62 ग्रामों की 21 हजार 400 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। किसानों के हर खेत तक पानी पहुंचेगा। जिससे क्षेत्र के किसान हर प्रकार की खेती में पानी से सिंचाई कर लाभ कमा सकेंगे। मोदी सरकार ने किसान गरीब मजदुर वर्ग के साथ हर वर्ग के लोगों को योजनाओं से जोडकर लाभ दिया है। जनसंपर्क के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए संसदीय क्षेत्र की नगर परिषदों को सांसद निधि से रोगी वाहन उपलब्ध कराए गए है। मोदी सरकार गरीब गांव से लेकर समाज के अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति को समर्पित है। पहले कि सरकार के दौरान गांवो में लोगों को पेयजल के लिए भटकना पडता था। महिलाओं को दुर - दराज इलाकों में कुओं और बावडियों से पानी लाना पडता था। आज हर घर में नलों से पानी आ रहा है। वहीं आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रूपए तक इलाज अस्पतालों में हो रहा है। गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसोदिया ने कहा कि मोदी सरकार की हर योजनओं का लाभ क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। क्षेत्र में विकास को लेकर सांसद सुधीर गुप्ता ने कोई कसर नहीं छोडी है। क्षेत्र में आधुनिक सडको का निर्माण हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब हर गरीब का पक्के मकान बनाने का सपना पुरा हो रहा है। इतना ही नहीं भाजपा सरकार में हितग्राहियों को मिलने वाली राशि का पैसा बैंको में बिना किसी बिचोलिए के सिधे उनके खाते में पहुंच रहे है। मंहगे उपचार के दर्द को देखते हुए मोदी सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख तक निशुल्क इलाज किया जा रहा है।

नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में सांसद सुधीर गुप्ता ने संसदीय क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई है। आगे और भी विकास के कार्य होंगे। 13 मई को एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के लिए सुधीर गुप्ता को विजयश्री दिलाकर क्षेत्र के योगदान में सहयोग करे। उन्होने कहा कि मेडिकल कॉलेज के साथ नीमच में नर्सिग कॉलेज की स्वीकृति के साथ रेलवे के दोहरीकरण सहित अन्य सुविघाओं में विस्तार किया है। वहीं शिक्ष के क्षेत्र में नीमच में केन्द्रि विघालय, नीमच जीरन में सीएम राइज स्कुल, पीएमश्री स्कुल के साथ महाविधालयों भवनों के निर्माण होने से शिक्षा को बढावा मिलेगा। इसके साथ ही क्षेत्र में नीमच में 100 सीटर बालक छात्रावास का निर्माण, बालिका छात्रावास का निर्माण हुआ है। महाविधालयों भवनों में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण होने से विघार्थ्यो को कक्ष में बैठने में कोई परेशानी नहीं होगी। वहीं नीमच सीआरपीएफ में आवासीय क्वाटर्स के निर्माण हुआ है।

**आज भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता का जिला मुख्यालय मंदसौर पर संघन जनसंपर्क** -आज भारतीय जनता पार्टी लोकसभा क्षेत्र मंदसौर के प्रत्याशी सुधीर गुप्ता दिनांक 11 मई शनिवार को मंदसौर संसदीय क्षेत्र की मंदसौर विधानसभा के मंदसौर नगर क्षेत्र में सघन जनसंपर्क करेंगे। कार्यक्रम अनुसार जनसंपर्क प्रात: 8 बजे से महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा से प्रारंभ होकर संजीत नाका, ओमप्रकाश पुरोहित मार्ग, बंटी चौराहा, गुप्ता समोसा, मुनिम जी खिचडी,मिश्र की गली के यहा से तोमर साहब वकील, जैन मंदिर से बालागंज, नयापुरा से ठाकुर साहब बर्तन वाले, कोतवाली, घंटाघर, शुक्ला चौक से जनकुपूरा, बडा चौक, धानमंडी, सदर बाजार, जगतपुरा, खानपुरा मेनरोड से खानपुरा सत्संग भवन तक संगठन के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संघन जनसंपर्क करेंगें।

## शामगढ़ मंडल के डूंगरखेड़ी, तोलाखेड़ी, परासलीघाटा, मोलाखेड़ी पंचायत सम्मेलन संपन्न



**शामगढ़, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबके प्रयास के मूल ध्येय वाक्य को लेकर भाजपा का कार्यकर्ता पंच से लगाकर प्रधानमंत्री जी तक इस ध्येय वाक्य के साथ काम करते है।आज देश मैं पिछले 10 वर्षो के कार्यकाल मैं मोदी जी के कारण विश्व मंच पर भारत का मान सम्मान बड़ा है आज भारत विश्व की 5 वी अर्थव्यवस्था है और 2027 तक मोदी जी के नेतृत्व मैं 3 री बड़ी भारत की अर्थ व्यवस्था वाला देश बन जाएगा।उक्त बात ग्राम ग्राम जाकर पंचायत सम्मेलन को संबोधित करते हुवे चुनाव सयोजक बलवंत सिंह पंवार कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुवे कही।

श्री पंवार कहा की मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार आज विकसित समृद्ध शाली सशक्त भारत के विजन पर काम कर रही है।पिछले 10 वर्षो मैं पूरे देश का विकास के मानचित्र पर विश्व पटल पर एक अलग ही नजर से देखा जाता है भाजपा सरकार के नेतत्व वाली केंद्र और राज्य की सरकारों ने हर वर्ग की चिंता करते हुवे जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सबका जीवन स्तर सुधारने का कार्य किया है शिक्षा स्वास्थ जल इन्फ्रास्ट्रचर हो हर क्षेत्र मैं भाजपा ने काम किया है दसको से इंतजार कर रहे कार्य भी भाजपा सरकार के साहसिक निर्याणो से हो पाए है।हम सबको संकल्पित भाव के साथ अपने अपने बूथ से भाजपा को ऐतिहासिक विजय श्री दिलाना है और कांग्रेस मुक्त बूथ ही हमारा संकल्प है यह चुनाव साधारण चुनाव नही भारत के हर वर्ग के भाग्य बदलने का चुनाव है भरता को विश्व गुरु बनाने का चुनाव है ।इसलिए हम सबको इस लोकतंत्र के महापर्व मैं हम सबको आहुति देना है और अपने अपने बूथ पर 100 प्रतिशत मतदान हो यह भी सुनिश्चित करना है।

सुवासरा विधानसभा के पंचायतों सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता के रूप मैं जाकर कार्यकर्ताओं को करणीय कार्यो की जानकारी देते हुवे बलवंत सिंह कार्यकर्ताओं मैं जोश भर रहे है वही कांग्रेस मुक्त बूथ की योजना पर कार्य कर रहे है। पेज प्रमुख की रचना के साथ ही किस प्रकार कांग्रेस के वोट को परिवर्तित किया जाए इस पर भी गांव गांव जाकर कार्य कर रहे है जिसका पारीणाम लोकसभा के रिजल्ट मैं दिखेगा। आपके साथ मंडल महामंत्री मुकेश सूर्यवंशी सोसल मीडिया प्रभारी गोविन्द रायका,नगर भाजयुमो अधक्ष्य वैभव खाती,सभापति बंटी अश्क,बूथ अधक्षयगण नारायण सिंह देवरी,सरपंच भेरू सिंह मुकेश प्रधान,गोरधन मीणा गोपाल मीणा सरपंच,किशोर राठौर,सुरेश पाटीदार सरपंच मांगीलाल मीणा,वर्दीचंद मीणा सहित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलनों मैं पहुंच रहे है।

## मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में चौहान और आयुषी का प्रयास रंग लायेगा

**मंदसौर, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** सोशल मीडिया पर इन दिनों सिटी कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक तेजकरण सिंह चौहान और मंदसौर की उदीयमान गायिका आयुषी देशमुख की जुगलबंदी से गाया मतदान करने की प्रेरणा देने वाला गीत काफी लोकप्रिय हो रहा है। मूल रूप से तराना के निवासी तेजकरण सिंह चौहान को बचपन से ही गायकी का शौक था तेजकरण सिंह चौहान कर्तव्य को बखूबी निभाने के साथ-साथ पूरा कर रहे हैं। कोरोना काल में आयुषी देशमुख और तेजकारण सिंह चौहान द्वारा गए गीतों के माध्यम से जनता को रोग से बचाव करने उसे फैलने से रोकने के बारे में महत्वपूर्ण संदेश प्राप्त हुए थे। मतदाता जागरूकता अभियान में तेजकरण सिंह चौहान और आयुषी देशमुख के द्वारा गाया गया यह गीत निश्चित ही मतदान के प्रतिशत को बढाने में सहायक सिद्ध होगा।





## यूसीमास का कोर्स पूरा करने पर 6 छात्रों का ग्रेजुएशन सेरेमनी में हुआ सम्मान

**मंदसौर, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** यूसीमास अबेकस एंड मेंटल अर्थमैटिक में तीन साल का कोर्स मंदसौर के 6 छात्रों ने पूरा किया। जिस पर इन्दौर के लाभ मण्डपम अभय प्रशाल में आयोजित ग्रेजुएशन सेरेमनी में उक्त 6 बच्चों को आमंत्रित किया गया। जिसमें 4 बच्चों ने भाग लिया जिन्हें मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। उक्त जानकारी देते हुए कोर्स इंस्ट्रक्टर नरेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रतिभावान छात्र नित्या डालवानी, रचित मेहता, हार्दिक खत्री, निलय सेवलदासानी, प्रकृति सोलंकी, तेजपालसिंह ने मंदसौर में ऐश एकेडमी में यूसीमास का प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं तीन साल का कोर्स पूर्ण कर डिग्री प्राप्त की। उक्त छात्रों को इंदौर में आयोजित सेरेमनी में यूसीमास के फाउंडर डॉ. डीनोवांग मलेशिया, यूसीमास मध्यप्रदेश डायरेक्टर नीरज गोयल, अमृता गोयल ने उक्त छात्रों को सम्मानित किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर ऐश एकेडमी के नरेन्द्र कुमार, सरोज मेघनानी, राजेन्द्र छाजेड, जया विशनानी आदि ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## कलेक्टर ने किया मतदान दलों को सामग्री वितरण प्रबंधों का निरीक्षण



**नीमच, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने शुक्रवार को शासकीय पीजी कॉलेज नीमच में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण एवं मतदान के पश्चात सामग्री वापस जमा करने के लिए विधानसभा क्षेत्र नीमच, जावद एवं मनासा के लिए स्थापित किए गये सामग्री वितरण एवं जमा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री जैन ने सामग्री वितरण स्थल पर विभिन्न स्थलों पर मतदान दलों के लिए पर्याप्त शीतल पेयजल केम्पर की व्यवस्था करने, सामग्री वितरण पर पार्किग की पृथक-पृथक व्यवस्था करने, बेरिकेटिंग व्यवस्था, सामग्री वितरण एवं जमा करने के लिए सेक्टर व मतदान केंद्र वार लगाई गई। टेबलों पर साईनेज के फ्लेक्स लगाने तथा मतदान दलों को सामग्री प्रदान करने के लिए पर्याप्त संख्या में मानव संसाधन की तैनात करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सामग्री वितरण स्थल पर मतदान दलों के कर्मचारियों के लिए स्वल्पाहार व चाय के स्टाल लगवाने के निर्देश भी दिए। इस निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, सीएमओ श्रीमती रश्मी श्रीवास्तव, एसडीएम नीमच, जावद एवं मनासा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**कलेक्टर ने किया वाहन निगरानी एवं वेब कास्टिंग कक्ष का निरीक्षण-** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीमच श्री दिनेश जैन ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट नीमच में लोकसभा निर्वाचन के तहत स्थापित वाहनों की जी.पी.एस.निगरानी एवं वेबकास्टिंग निगरानी कक्ष का अवलोकन किया और निर्वाचन में लगे वाहनों के ट्रेकिंग सिस्टम मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग कार्य का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, संयुक्तइ कलेक्टर श्री राजेश शाह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रश्मी श्रीवास्तव, श्री चंद्रसिह धार्वे, सुश्री किरण आंजना, श्री संजीव साहू व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री जैन ने कम्यूनिकेशन कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कम्यूनिकेशन टीम के सदस्यों से चर्चा की और कम्यूेनिकेशन व्यवस्था का जायजा लिया और निर्देशित किया कि मतदान के दिन तथा मतदान दलों के मतदान केंद्रों पर पहुंचने की निर्धारित समय पर रिर्पोटिंग की जाये।

## डीएम द्धारा तीन आरोपियों को थाना हाजरी का आदेश

**नीमच, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्यद सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-3(क) के तहत आरोपी इरफान उर्फ झाडु पिता रफीक खान पठान निवासी स्कीम नं.8 बघाना, पुलिस थाना बघाना, आरोपी किशोर पिता बरदीचंद खटिक निवासी कोज्य्, पुलिस थाना सिंगोली एवं आरोपी विशाल पिता सुरेश बंजारा निवासी चीताखेडा, पुलिस थाना जीरन, को तीन-तीन माह के लिए सदाचार बनाये रखने के लिए संबंधित पुलिस थानों में सप्ताह में एक दिन थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है।



## सड़क पर अतिक्रमण से वाहनों की आवाजाही में परेशानी

**मनासा, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** सड़क पर हो रहा अतिक्रमण ये सड़कमंदसौर नाका से पुलिस कॉलोनी कॉर्मल कान्वेंट आनंद विहार साई मंदिर की ओर जाती है जिस पर सड़क के किनारे नगर के प्रतिष्ठ्य समाजसेवी कमल दुआ अपने खेत की तार फेंसिंग करवा रहा है ओर पहले से दो तीन फिट आगे आ के लोहे के पोल गाड दिए जिससे अतिक्रमण बढ़ गया है जिसके कारण आने जाने वालो को परेशानी हो रही है अब दो फोर व्हीलर भी आसानी से नहीं निकल पा रही हैओर अभी तो कार्मल स्कूल की छुट्टियां है नहीं तो यहाँ जाम लगना रोज की बात है दिन ब दिन सड़क सकरी होती जा रही है सार्वजनिक मामला होने से कोई बोलता नहीं है नगर परिषद ने भी सोलर बिजली के पोल लगाए थे उनसे भी आगे आ के तार फेंसिंग की व्यवस्था की जा रही है इस क्षेत्र के रहवासियों का निवेदन है की सड़क किनारे हो रहे अतिक्रमण को हटाने के साथ आमजन को राहत प्रदान करे सड़क को बाधित करने वालो के खिलाफ कार्रवाई करे सूत्र बताते है की खेत के आगे बने दुआ काम्प्लेक्स मे भी पक्का अतिक्रमण कर रखा है पहले भी नगरपरिषद ने नोटिस भी दिया था पर मालदार पार्टी होने से खेल गोलमाल हो गया.दबी जुबान से क्षेत्र के जानकार कहते है की अगर सही तरीक़े से इस जमीन का सीमांकन किया जावे तो सड़क चौड़ी हो सकती है क्योंकि पक्की दुकान ने भी सड़क दबा रखी है

## दिग्विजयसिंह आज मंदसौर जिले में, गरोठ एवं सीतामऊ में जनसभा को करेगे संबोधित

**मंदसौर, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद श्री दिग्विजयसिंहजी 11 मई को मंदसौर जिले में कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक श्री दिलीपसिंहजी गुर्जर के समर्थन में गरोठ एवं सीतामऊमें जनसभा को संबोधित कर कांग्रेस को विजय बनाने की अपील करेगे। इसके साथ ही सायं 4 बजे जावरा में कांग्रेसजनो की बैठक भी लेगे। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व सासंद मीनाक्षीजी नटराजन, पूर्व मंत्री एवं लोकसभा प्रभारी श्री नरेन्द्र नाहटा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटील, पूर्व विधायक श्रीमती पुष्पा भारतीय, पूर्व विधायक श्री भारतसिंह दीपाखेडा, जावरा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री यूसूफ कडप्पा, जावरा विधानसभा में प्रत्याशी रहे श्री विरेन्द्रसिंह सोलंकी सहित अनेक कांग्रेसजन उनके साथ रहेगे।



यह जानकारी देते हुये लोकसभा कांग्रेस मिडीया प्रभारी श्री सुरेश भाटी ने बताया कि निर्धारित समय अनुसार श्री सिंह दोपहर 12 बजे गरोठ एवं दोपहर 2 बजे सीतामऊमें जनसभा को संबोधित करेगे। इसके उपरांत श्री दिग्विजयसिंहजी सायं 4 बजे जावरा में कांग्रेस पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेगे। अत: समस्त कांग्रेसजनो से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में आयोजित सभाओ एवं बैठक में भागीदारी कर कांग्रेस को विजय बनाने का संकल्प ले।

### मतदाता जागरूकता अंतर्गत साईकिल रैली का हुआ आयोजन

**मंदसौर, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत साईकिल रैली का आयोजन किया गया। साईकिल रैली पशुपतिनाथ मंदिर घाट से महाराणा प्रताप चौराहा मंदसौर तक निकाली गई। रैली में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव, सीईओं जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, जिला अधिकरी, कर्मचारी एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। रैली समापन पर कलेक्टर श्री यादव द्वारा मतदान की शपथ दिलाई गई।

## निर्वाचन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण कराने के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में धारा 144 लागू

**मंदसौर, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने लोकसभा निर्वाचन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण कराने के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में 11 मई को सायं 6 बजे से 14 मई 2024 तक की अवधि के दौरान दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये। प्रचार की अवधि की समाप्त हो जाने के पश्चात निर्वाचन क्षेत्र के भीतर कोई प्रचार नहीं करेंगा। निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से लाए गए राजनैतिक पदाधिकारी/ दल कार्यकर्ता/ जूलूस पदाधिकारी/ प्रचार पदाधिकारी जो उस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं है, निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित नहीं रहने चाहिए। इस अवधि के तत्काल पूर्व जिले से बहार चले जाए। पांच या पांच से अधिक व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर एकत्र न हो एवं न ही एकसाथ भ्रमण करेंगे। इस दौरान घर-घर सम्पर्क के माध्यम से प्रचार में छुट रहेगी। इस अवधि मे आम सभाएं पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगी। राजनैतिक दलों द्वारा प्रचार-प्रसार में लाउड स्पीकर के उपयोग पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति/ अभ्यर्थी/ राजनैतिक पदाधिकारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लघंन करेगा, तो वह भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के तहत अभियोजित किया जावेगा। यह ओदश जनसाधारण पर लागू है। यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा- 144 (2) के अंतर्गत एक-पक्षीय पारित किया जाता है।

## मतदान के लिए किया जा रहा आमंत्रित

**मंदसौर, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 13 मई को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। प्रत्येक मतदाता को मताधिकार के उपयोग के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान में कई नवाचारों से मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी परियोजनाओं में आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को पीले चावल देकर 13 मई 2024 को मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। मतदान केंद्र पर मतदाताओं की पहचान के लिए 12 दस्तावेजों निर्धारित किये गए है। इन 12 दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज़ होने पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है।

# समर्पण दिवस का आयोजन 13 को

## मानवता के मसीहा को निरंकारी भक्तों का शत् शत् नमन

**मंदसौर, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** हृदय सम्राट बाबा हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति में समर्पण दिवस का आयोजन सोमवार, 13 मई को सांय 5 से रात्रि 9.30 बजे तक, संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा (हरियाणा) में सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में किया जाएगा जिसमें समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हरदेव सिंह जी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।



बाबा हरदेव सिंह जी प्रेम एवं करूणा की सजीवमूरत थे। उन्होंने अपनी सादगी और दिव्य मुस्कुराहट से न केवल भक्तों को निहाल किया अपितु समस्त मानव जाति को कल्याण का मार्ग अपनाकर एक सार्थक एवं संतुष्ट जीवन जीने की कला सिखाई। यही कारण रहा कि वह प्रत्येक वर्ग के लोगों के सदैव प्रिय बने रहे। बाबा जी ने एक पथप्रदर्शक बनकर हर भक्त का हाथ थामा ताकि वह एक सहज एवं सशक्त जीवन जी पाए। आध्यात्मिक जागरुकता के अतिरिक्त समाज कल्याण की गतिविधियों में बाबा जी ने अपना सकारात्मक योगदान दिया जिसमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जाँच शिविर, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, इत्यादि जैसी परियोजनाएं अहम है। बाबा हरदेव सिंह जी ने सत्गुरु रूप में 36 वर्षो तक निरंकारी मिशन की बागडोर सम्भाली। उनके अथक प्रयासों का ही सकारात्मक परिणाम है कि मिशन विश्व के प्रत्येक महाद्वीप में 60 राष्ट्रों तक पहुंच चुका है जिसमें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संत समागम, युवा सम्मेलन एवं समाज की कल्याणकारी सेवाओं का आयोजन निरंतर हो रहा है। उनके अमूल्य योगदान के फलस्वरूप मिशन को विश्व स्तर पर ख्याति के साथ-साथ अनेक पुरस्कारों द्वारा भी सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निरंकारी मिशन को सामाजिक एवं आर्थिक परिषद के सलाहकार रूप में मान्यता भी प्राप्त हुई।

संसार में अमन, शांति कायम करने के लिए युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी ने एकत्व में सद्भाव, वसुधैव कुटुम्बकम्, और एकको जानो, एक को मानो, एक हो जाओ इत्यादि जैसे अनेक दिव्य संदेश दिये जिसमें निसंदेह लोक कल्याण की भावना निहित है। इसके अतिरिक्त आपने परस्पर प्रेम और मिलवर्तन के भावों को सुदृढ करने के लिए दीवार रहित संसार की सुंदर कल्पना को भी साकार रूप प्रदान किया। वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज, युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी के इसी सत्य संदेश को जनमानस तक पहुंचाने हेतु प्रयासरत हैं; जिनसे निरंकारी मिशन का प्रत्येक भक्त प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन को सार्थक बना रहा है। यह जानकारी मंदसौर मिडिया सहायक शीतलदास कोतक ने दी।

# अधिकारी-कर्मचारी 72 घंटे की एसओपी का कड़ाई से पालन करवाएं-कलेक्टर

## मतदान दिवस से 72 घंटे, 48 घंटे एवं 24 घंटे पूर्व की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा मतदान दिवस से 72 घंटे, 48 घंटे एवं 24 घंटे पूर्व की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में नोडल अधिकारियों की सुशासन भवन के सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी 72 घंटे की एसओपी का कडाई से पालन करवाएं । बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, वन मंडल अधिकारी, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल , सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दिवस से 72 घंटे, 48 घंटे एवं 24 घंटे पूर्व की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशानुसार क्षेत्र में संचालित कम्युनिटी हॉल, मांगलिक भवन, मैरिज गार्डन, धर्मशाला आदि स्थलों पर 11 से 13 मई 2024 तक (मतदान समाप्ति) तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी तत्काल प्राप्त कर ऐसे आयोजनों पर कानून एवं व्यवस्था तथा निर्वाचन आदर्श आचार संहिता के तहत सतत निगरानी रखी जाये। यह पता लगाया जाये कि बाहरी लोगों को इन परिसरों में स्थान तो नहीं दिया गया है। लॉज और अतिथि गृहों में रहने वालों की सूची पर भी नज़र रखी जाकर उनका सत्यापन किया जाएं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने बताया कि निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं में स्थापित जांच चौकियों और निर्वाचन क्षेत्र से बाहर के वाहनों की आवाजाही पर सतत् नजर रखी जायें तथा उडन दस्ता और स्थाई निगरानी दल द्वारा सतत् निगरानी की जाये। किसी भी ध्वनि विस्तारक के उपयोग करने की अनुमति नही दी जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाए, कि उक्त अवधि में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में किसी भी राजनैतिक दल, अभ्यर्थी द्वारा आदर्श आचार संहिता तथा दण्ड संहिता की धारा- 144 के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन न हो। मतदान कर्मियों के मतदान केन्द्रों पर मतदान कर्मियों के भोजन व आवास व्यवस्था, निर्वाचन व्यय निगरानी के वेबकॉस्टिंग कानून व्यवस्था, मीडिया मेटर्स, इलेक्शन मीडियां मांनिटरिंग, वाहनों सामग्री एवं मानव संसाधन की उपलब्धता, मीडिया मेटर्स, पोलिंग स्टेशन पर व्यवस्था, ईव्हीएम रिप्लेसमेन्ट, प्रोटोकॉल, स्टांग रूम की सीलिंग, स्टांग रूम की सुरक्षा से संबंधित बिन्दुओं पर पॉवर प्रजेटेश्न के माध्यम से जानकारी दी।





# एनजीओ और वामपंथियों की बंधक है कांग्रेस

## पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंदसौर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सभाओं को किया संबोधित

**मंदसौर/नीमच, 10 मई गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को संसदीय क्षेत्र के मंदसौर- नीमच जिले में पहुंचे और भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के समर्थन में आमसभाओं को संबोधित किया। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस वामपंथियों और एनजीओ की बंधक है। एक सैम पित्रोदा है, जो स्वर्गीय राजीव गांधी के सलाहकार रहें हैं और राहुल गांधी के गुरु हैं। वो कह रहे हैं कि, भारत में विरासत टैक्स लगाना चाहिए। विरासत टैक्स का मतलब है कि अगर माता-पिता की मौत हो जाती है तो उनकी अर्जित की हुई सम्पत्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार के खजाने में चला जाएगा और उनके बेटे-बेटी को केवल 45 प्रतिशत ही मिलेगा। भारत में गरीब, मजदूर अपना पेट काट काटकर कुछ बचा पाता है कि, उनके जाने के बाद बच्चों को कुछ देकर जाएं और कांग्रेस इनसे ये भी छीन लेना चाहती है। वहीं अब सैम पित्रोदा ने कहा कि, भारत के लोग एक जैसे नहीं दिखते हैं, नॉर्थ-ईस्ट के लोग चीनियों जैसे दिखते हैं और दक्षिण के लोग अफ्रीकन जैसे दिखते हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि, ये कांग्रेस भारत की माटी से कट गई है, भारत की परंपराओं से कट गई है, इनकी सोच भारतीय नहीं रही है। कांग्रेस वामपंथियों और एनजीओ की बंधक है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मणिशंकर अय्यर के पाकिस्तान वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि, इंडी गठबंधन के नेता बौद्धिक दिवालियापन के शिकार हैं, उन्होंने बुद्धि और विवेक खो दिया है। उन्होंने कहा कि, यूपीए की ढीली-ढाली सरकार नहीं है। आज भारत के प्रधानमंत्री 56 इंच के सीने वाले हैं और भारत ने साफ कहा है कि, हम सब के कल्याण में विश्वास रखते हैं, विश्व का कल्याण हो। हम अपनी तरफ से किसी को छेड़ेंगे नहीं और हमें कोई छेड़ेगा तो हम उसे छोड़ेंगे भी नहीं। भारत डरने वाला नहीं है। जो डरपोक लोग हैं, वो सब इंडी गठबंधन में ही हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि, ये राजनीति के जोकर बन गए हैं, मणिशंकर अय्यर हों, सैम पित्रोदा हों, संजय राउत हो, इनको कोई गंभीरता से नहीं लेता है। ये पराजय के भय से ऐसे उट-पटाँग बयान दे रहे हैं कि, जिनको जनता केवल मनोरंजन के रूप में लेती है।

### भगवान राम का विरोध कर कांग्रेस को कलंकित किया...

पूर्व सीएम ने कहा कि, आयोध्या में भव्य और दिव्य राममंदिर का निर्माण हुआ और रामलला विराजमान हुए। बहने घरों में दीपक जला रही थी, युवा नौजवान साथी भगवा पताकाएं लहरा रहें थे, पूरा देश आनंद उत्सव में डूबा हुआ था लेकिन एक पार्टी कांग्रेस रो रही थी। यहां तक की आयोध्या का अंसारी परिवार जिसने पूरी जिंदगी बाबरी मस्जिद का केस लड़ा उन्होंने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और प्राण-प्रतिष्ठा में भाग लिया। निमंत्रण कांग्रेस को भी दिया गया था, लेकिन उन्होंने लिखित में कहा कि, हम नहीं जाएंगे, मुहूर्त खराब है। अब जब तक सूरज चांद और ये धरती रहेगी लिखा रहेगा कि, सोनिया और राहुल गांधी ने कांग्रेस को कलंकित किया था और भगवान राम का विरोध किया था। कांग्रेस की बुद्धि पर मंथरा बैठ गई है।

### कांग्रेस और गठबंधन कभी देश का भला नहीं कर सकते...

पूर्व सीएम ने कहा कि, लोकसभा चुनाव में तीन चीजें देखी जाती हैं, पहला पार्टी कौन सी है, दूसरा प्रधानमंत्री का चेहरा कौन है और तीसरा हमारा उम्मीदवार कौन है। भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री तो तय है कि मोदी है और रहेंगे, लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन बताएं कि उनका प्रधानमंत्री का उम्मीदवार कौन है, धन्नू है, कल्लू है, पन्ना है या जुम्मन हैं कोई नाम तो बताएं। कभी कहते हैं कि बाद में तय करेंगे। कभी कहते हैं कि, बारी-बारी से बन जाएंगे। ऐसी कांग्रेस और गठबंधन कभी भी देश और जनता का भला नहीं कर सकते है। पूर्व सीएम ने कहा कि, जब हम बाजार में मटका भी खरीदने जाते हैं तो देखकर लेते हैं कि, कहीं से फूटा तो नहीं है। सब्जियां खरीदने जाते हैं तो देखते हैं कि कहीं खराब तो नहीं है। हम मटका और सब्जियां देखकर लेते हैं तो प्रधानमंत्री भी देखकर ही चुनेंगे। भाजपा नंबर वन पार्टी हैं और मोदी जी नंबर वन नेता हैं। विकास केवल भाजपा ही कर सकती है।

### अब लखपति दीदी का सफर तय करना है...

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मैंने बचपन में देखा था कि, बेटा-बेटी भेदभाव किया जाता था। बहनों की तकलीफ भी देखी थी। तभी से मन में संकल्प था कि बहन-बेटियों के जीवन में नई रोशनी लानी है। आप सभी के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री बना तो सबसे पहले लाड़ली लक्ष्मी योजना लागू की। आज मुझे कहते हुए गर्व है कि मध्यप्रदेश की धरती पर 50 लाख से भी ज्यादा लाड़ली लक्ष्मियां हैं। जब सांसद, विधायक था तो कभी 20-30 ही बेटियों की शादी करवा पाता था, लेकिन मुख्यमंत्री बनकर कन्या विवाह योजना बनाई और लाखों बेटियों की शादी करवाई। फिर बहनों को स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत रिज़र्वेशन दिया, मध्यप्रदेश बहनों को रिज़र्वेशन देने वाला पहला राज्य बना। संबल योजना के तहत बहनों को बच्चों के जन्म से पहले 4 हजार और जन्म के बाद 12 हजार रूपए देने का काम किया। ताकि बहनें भी महीना, दो महीना आराम कर सकें। फिर आई लाड़ली बहना योजना, इस योजना ने तो बहनों के जीवन में क्रांतिकारी बदलवा लाए। अब लखपति दीदी का सफर तय करना है। लखपति दीदी मतलब हर बहन की सालाना आय 1 लाख रूपए से अधिक हो। प्रधानमंत्री जी ने भी कहा कि, 3 करोड़ लखपति दीदी बनाना है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रथम भाषण को सदैव याद रखना चाहिए की हमारी सरकार गरीबो को समर्पित होगी, वंचितों को समर्पित होगी, पिछडों को समर्पित होगी, हमारी नई सरकार उन सभी को समर्पित होगी जिन्हे कांग्रेस की सरकारों ने भुला दिया और हाशिये पर धकेल दिया। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब, पिछड़े, शोषित वंचितों को घर की छत देने के साथ, इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड के अलावा कई अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा की कांग्रेस के नेताओं का आज भी पाकिस्तान प्रेम सामने आता रहता है। यूक्रेन और रूस के युद्ध में मोदी के कहने पर युद्ध को रोक दिया जाता है और सैकड़ों छात्र भारत के तिरंगे झंडे की छाया में सकुशल अपने देश लौटते है। भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि आज पूरा मंदसौर संसदीय क्षेत्र का वातावरण भगवामय हो रहा है। कार्यकर्ताओं की मेहनत परिश्रम से हमें पूर्ण विश्वास है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

## पिता-पुत्र पर मारपीट का प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 10 मई गुरु एक्सप्रेस।** खेत में खड़ी फसल को नुकसान करने से रोका तो मारपीट की। पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज किया। रूपी निवासी भागवन्तीबाई पति सरमथ बावरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे खेत में सब्जियां बो रखी है। शाम को निर्मल पिता भागीरथ व नितेश पिता निर्मल ने मेरे खेत में भैंसे व बकरियों को निकाला। पशु खेत में लगी गिलकी, भीण्डी, चरी, बाजारा फसल खा गए। मैंने खेत में ढोर को छोड़ने पर विरोध किया तो दोनों ने गाली-गलौज की व मारपीट की। लकड़ी से पीटा, जिससे पैर, हाथ, कमर पर चोटें आई। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## आज शाम 6 बजे से 13 मई मतदान समाप्ति तक रहेगा शुष्क दिवस

**मंदसौर, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 13 मई को होने वाले मतदान एवं 4 जून को मतगणना को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने 11 मई को शाम 6 बजे से 13 मई को मतदान समाप्ति तक एवं 4 जून को मतगणना के दिन शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस अवधि के दौरान जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, मदिरा गोदाम, एफ.एल.-2 बार, एफ.एल. 3 बार, एफ. एल -2 (कक), एफ्बी वाईन शॉप, स्टोरेज मद्य भंडागार को पूर्णत: बंद रखा जाकार क्रय- विक्रय प्रतिबंधित किया जाता है।

# अलर्ट: अगले तीन दिन मप्र के कई जिलों में बारिश की चेतावनी

**भोपाल, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश में आए पश्चिमी विक्षोभ ने मौसम को बदल दिया है और कई जिलों का तापमान कम कर दिया है। भीषण गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली है। कुछ जिलों में बारिश और बूंदाबांदी जारी है तो अभी भी कुछ जिले तपन से परेशान हैं।

शुक्रवार को इंदौर, उज्जैन, मंदसौर, रायसेन, शाजापुर, सीहोर सहित कई जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने 13 मई तक आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने बताया कि अभी तीन पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हैं। वहीं, साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम और हवा का रुख भी बदला हुआ है। इस वजह से प्रदेश में बारिश का दौर है। कुछ जिलों में ओले भी गिर सकते हैं।

**इन जिलों में तेज गर्मी से परेशान लोग**–वहीं दूसरी तरफ कई जिलों में भीषण गर्मी है। गुना में दिन का टेम्प्रेचर 44.4 डिग्री सेल्सियस के साथ इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। शिवपुरी में पारा 43 डिग्री रहा। वहीं, रतलाम में 42 डिग्री, टीकमगढ़ में 42.5 डिग्री और सागर में 42.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 41.5 डिग्री, इंदौर में 40.6 डिग्री, ग्वालियर में 40I5 डिग्री, जबलपुर में 39.4 डिग्री और उज्जैन में तापमान 41.5 डिग्री दर्ज किया गया। रायसेन, सीधी, धार, खजुराहो, खंडवा, नौगांव, दमोह, खरगोन और शाजापुर में पारा 40 से 41.6 डिग्री के बीच रहा।

**गुरुवार शुक्रवार को वर्षा के प्रमुख आंकड़े (सेमी में)**–सिहावल (सीधी) 5, अमानगंज (पन्ना) 5, सतना (रघुराजनगर) (सतना) 3, सौसर (छिंदवाड़ा) 2, मझौली (सीधी) 2, पवई (पन्ना) 2, रहली (सागर) 2, रीवा-आव्स (रीवा)) 2, हाटपीपल्या (देवास) 2, सोहावल (सतना) 2, कटनी (मुड़वारा) (कटनी) 1, स्लीमनाबाद (कटनी) 1, अमरपाटन (सतना) 1, पथरिया (दमोह) 1, जैतपुर (शहडोल) 1, दमोह एडब्ल्यूएस (दमोह) 1, ब्यौहारी (शहडोल) 1, बनखेड़ी (नर्मदापुरम) 1, बड़ी (रायसेन) 1

**गुरुवार–शुक्रवार को ओलावृष्टि के प्रमुख आंकड़े**–(बैतूल) आठनेर, सीहोर (भैरूंदा), रायसेन (सिलवानी), विदिशा (ग्यारसपुर-गुलाबगंज), नर्मदापुरम (बनखेड़ी), हरदा (हंडिया), सागर (देवरी, रहली, केसली, गोठाना), दमोह (दमोह), पन्ना, कटनी, सतना (रघुराजनगर, उचेहरा), रीवा (हुजूर)।

**यहां बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी**–सतना, पांढुरना, छिंदवाड़ा, बैतूल, नर्मदापुरम, मेहर, बालाघाट, शाजापुर, आगर मालवा, मंदसौर, नीमच जिलों में। मंडला, सिवनी जिलों में।

## चौथे चरण के मतदान के लिये आज शाम 6 बजे से बंद होगा चुनाव प्रचार

**मंदसौर, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के चौथे चरण में मध्यप्रदेश के जिन 8 लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में सोमवार 13 मई को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होना है, वहां पर 11 मई की शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घण्टे से पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के उन व्यक्तियों को, जो उस लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होगा। इस हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सघन निगरानी अभियान भी चलाया जाता है। गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन के चौथे व मध्य प्रदेश के अंतिम चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों देवास (अजा), उज्जैन (अजा), मंदसौर, रतलाम (अजजा), धार (अजजा), इंदौर, खरगौन (अजजा) एवं खंडवा में 13 मई को मतदान होना है।

# अपहरण का प्रयास करने वाले आरोपियों को 3-3 साल सश्रम कारावास की सजा

**मंदसौर, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय मंदसौर द्वारा आरोपीगण 01) भेरूलाल पिता रामदयाल माली उम्र 35साल नि0 आक्या उमाहेडा 02) राधेश्याम पिता उदयलाल माली उम्र 40 साल नि0 सरसोद जिला मंदसौर 03) बापुलाल पिता गोविंदराम माली उम्र नि0 दलोदा रेल जिला मंदसौर को अपहरण करने का दोषी पाते हुए 3-3 साल का सश्रम कारावास एवं 5-5 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा बताया कि घटना दिनांक 04.11.2022 को सुबह 8 बजे फरियादी नंदलाल अपने ग्राम दलावदा से लहसुन लेकर सीतामउ कृषि उपज मंडी बेचने गया था जहां छपरे में बैठा था वहां पर आरोपीगण भेरूलाल, राधेश्याम, बापुलाल, रितिक आये और फरियादी के साथ गाली गलौच की व फरियादी नंदलाल को जबरदस्ती उठाकर बोलेरो गाडी में डालने लगे चिल्ला चोट की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकठ्ठा हो गये जिससे चारों आरोपीगण फरियादी को वहीं छोडकर भाग गये। फरियादी ने बताया कि आरोपीगण मेरे पिता के नाम का अफीम का पट्ठा अपने नाम पर नामांतरण कराने के लिए मुझे अपहरण कर ले जा रहे थे एवं अपने नाम नामांतरण कराना चाहते थे जिसकी रिपोर्ट फरियादी द्वारा थाना सीतामउ में की थी जिस पर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपीगण के विरुद्ध माननीय न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में ट्रायल के दौरान अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यायालय ने आरोपीगण भेरूलाल, राधेश्याम, बापुलाल को 3-3 साल का सश्रम कारावास एवं 5-5 हजार रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से सफल पैरवी लोक अभियोजक तेजपाल सिंह शक्तावत, अपर लोक अभियोजक भगवतीलाल शर्मा, एवं अपर लोक अभियोजक भगवानसिंह चौहान द्वारा की गई।



## दो आरोपी जिला बदर

**नीमच, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत दो आरोपियों को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। आरोपी संतोष उर्फ कल्लू पिता बाबुलाल निवासी नीमच, पुलिस थाना नीमच केंट एवं आरोपी चंदू उर्फ चंद्रप्रकाश पिता बंशीलाल दमामी निवासी खोर पुलिस थाना जावद को तीन-तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। उक्त दोनो आरोपी जिला बदर अवधि में नीमच जिले की राजस्व सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, देवास एवं आगर-मालवा जिले की राजस्व सीमा में जिला बदर अवधि में प्रवेश नहीं कर सकेगें।

# गांधी सागर बांध के बावजूद यहां के निवासी पेयजल हेतु हो रहे हैं परेशान

## पेयजल लाइन में तकनीकी खराबी से दो दिनों से नहीं हो रहा है पेयजल वितरण

**भानपुरा, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** तहसील भानपुरा की ग्राम पंचायत गांधी सागर नंबर 8 पर पेयजल लाइन में तकनीकी खराबी आ जाने से यहां के हजारों निवासी पेयजल हेतु काफी परेशान हो रहे हैं। ग्राम पंचायत गांधी सागर सरपंच मनीष परिहार के प्रयत्नों से फिलहाल आवश्यक रूप से पेयजल वितरण पेयजल टेंकरो व दो जगह निर्मित पेयजल टंकियां से किया जा रहा है। एशिया की सबसे बड़ी मानव निर्मित झील गांधीसागर के किनारे रहने वाले लोग भीषण गर्मी में पानी की बूंद बूंद के लिए कई बार मोहताज हो जातें हैं।




जल प्रदाय विभाग ( म.प्र. पावर जनरेटिंग कम्पनी) मे पंपिंग स्टेशन पर तकनीकी खराबी के कारण गुरुवार शाम तथा शुक्रवार प्रात: पेयजल वितरण नही होने के कारण गांधीसागर नम्बर आठ के रहवासी पेयजल को लेकर परेशान दिखाई दिए। ग्राम पंचायत गांधीसागर सरपंच मनीष परिहार द्वारा गाँधी चोक प्रांगण मे ट्यूबवेल लगवा कर उससे दो वृहद स्तर पर एक गाँधी चौक तथा एक बंगाली कालोनी परिसर में पेय टंकिया उपलब्ध करवाई गई थी ,जो स्थानीय लोगों के लिए भीषण गर्मी मे पेयजल आपूर्ति का सहारा बनी हुई है। ग्राम पंचायत वासीयों ने इन्हीं दो टंकीयो से अपनी आवश्यक पूर्ति हेतु पेयजल का उपयोग किया। यही नही इसी के साथ ग्राम पंचायत द्वारा बंगाली कालोनी नं सात पर भी हेड पम्प सुचारू रूप से चल रहा है। आज ग्राम पंचायत द्वारा दो पानी के टेंकरों से प्रत्येक मोहल्ले मे निरन्तर पानी सप्लाय किया जा रहा है ।वहीं दूसरी और कल दोपहर से ही वाटर सप्लाई के कर्मचारी मरम्मत कार्य में देर रात तक लग रहे और शुक्रवार प्रात.से ही कार्य कर रहे हैं वाटर सप्लाय के कर्मचारियों का कहना है कि संभावित आज फाल्ट दुरस्त कर लिया जाएगा और पानी से सुचारू रूप से दिया जाएगा। सरपंच मनीष परिहार ने बताया कि नवीन पेयजल पाइपलाइन का कार्य भी जारी है जिससे शिघ्र यहां के निवासियों को उनके घरों तक पेयजल उपलब्ध करवाया जाएगा।

# एसएसबी के जवानों का पुष्पहारों से सम्मान किया

**मंदसौर, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 13 मई को मंदसौर संसदीय चुनाव में अपनी सेवाएं देने के लिए भानपुरा तहसील मुख्यालय आये एसएसबी के जवानों का पुष्प मालाओं से स्वागत हार्दिक स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि एस एस बी के जवानों के द्वारा मंदसौर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्लेग मार्च निकाला जा रहा है। इसी क्रम में 10 मई 2024 को एस एस बी की बटालियन व पुलिस थाना भानपुरा के जवानों के द्वारा भानपुरा क्षेत्र में जनता में विश्वास और निर्भीक होकर मतदान करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया श्र फ्लैग मार्च भानपुरा के चंबल चौराहे से बस स्टैंड और भानपुरा नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो से होकर गुजरा। न्यू टारगेट एकेडमी भानपुरा के संचालक दिपक माली मित्र मंडल के सदस्यों के द्वारा सभी जवानों का पुष्प हार पहना कर तथा पुष्प वर्षा कर स्वागत व सम्मान किया गया, साथ ही दीपक माली मित्र मंडल के सदस्य के द्वारा देशभक्ति के नारे भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद, वंदे मातरम के गगनभेदी नारे लगाए गए।



दीपक मित्र मंडल के प्रमुख दीपक माली ने बताया कि वैसे तो भानपुरा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे देश भर के कई जवान देश की सीमा पर तैनात हैं, जिससे पूरा देश अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है और दुश्मन देश को सर झुकाने पर मजबूर करता है, यदि हम कोई त्यौहार शांतिपूर्वक मना रहे हैं तो मेरा मानना है कि इसका श्रेय भारतीय सेना और पुलिस विभाग तथा अन्य सहयोगियों को जाता है, हमें गर्व है कि हमारी सेना थल ,जल, वायु तथा हर परिस्थिति में मजबूत सेना है, एक सैनिक किसी भी परिस्थिति में चाहे वह गर्मी, ठंड या वर्षा ॠतु हो हर मौसम में देश की रक्षा के लिए बॉर्डर पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं, देश के इन जवानों का सम्मान करना व उनके परिवार जनों की हर संभव मदद करना हम सभी का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर दीपक माली मित्र मंडल के कई सदस्य जीवन राठौर, बबलू प्रजापति, गोविंद सेना, अंकित माली ,भेरूलाल, पंकज चारण, राकेश चारण व अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।



# समर कैंप का समापन

**भानपुरा, 8 मई गुरु एक्सप्रेस।** सीएम राइज विधालय भानपुरा मे एक मई से जारी दस दिवसीय समर कैंप का शुक्रवार 10 मई को उत्साह पूर्ण वातावरण में समापन हुआ। संस्था प्राचार्य सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि दस दिवसीय इस शिविर में कुशल योग प्रशिक्षक शिवाजी बम्बोरिया, अंग्रेजी के मास्टर ट्रेनर भीमसेन वधवा, किरण गौड़, क्राफ्ट एक्सपर्ट किरण भूटानी, शीला भाना, पूजा पाटीदार, नृत्य प्रशिक्षक नितिन राव, पेंटिंग , ड्राइंग एक्सपर्ट मनोज मोदी के द्वारा करीब 100 छात्र छात्राओं को सहज तरीको से गहन प्रशिक्षण दिया गाय। जो इनके भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। शिविर प्रभारी किरण गौड़ न बताया कि प्रतिदिन शिविर मे प्रात: आठ बजे से ग्यारह बजे तक अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य परामर्श दाता भीमसेन वधवा ने संचालन करते हुए कहा कि यह समर कैंप इन नौनिहालो के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा। इस दौरान शिक्षक भवानी राम रावत, मनीष भारद्वाज, विजय राठौर व पालको ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अंत में सभी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। आभार किरण भूटानी द्वारा व्यक्त किया गया।


**आवश्यकता है**

रेडीमेड कपड़ों की दुकान के लिए

**सेल्समेन** की आवश्यकता है

वेतन योग्यतानुसार

**दिलीप स्टोर्स**

कालाखेत, मंदसौर, मो.-8839455308



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी दलौदा जिला मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.II-11 जो की श्री मोहन सिंह सिसोदिया पिता श्री नारायण सिंह सिसोदिया को मण्डल आदेश क्रमांक 1753 दिनांक 20.09.2010 द्वारा नामांतरित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 31.03.2022 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। श्री मोहन सिंह सिसोदिया पिता श्री नारायण सिंह सिसोदिया द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती उमा कुंवर पति दयानंद सिंह को कर दिनांक 22.08.2022 को भवन का विक्रय पत्र उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीयन निष्पादित करवा दिया है। विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती उमा कुंवर पति दयानंद सिंह अपने नाम करवाना चाहती है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक MIG.II-11 दलौदा जिला मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती उमा कुंवर पति दयानंद सिंह के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MDX-11 श्री तेजसिंह राठौर पिता श्री किशोर सिंह राठौर को मण्डल आदेश क्रमांक 1559 दिनांक 30.06.2014 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का पट्टाभिलेख दिनांक 08.09.2014 को उप-पंजीयक कार्यालय में निष्पादित करवाया गया था। श्री तेजसिंह राठौर पिता श्री किशोर सिंह राठौर द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री धीरेन्द्र सिंह सोलंकी पिता श्री भंवर सिंह सोलंकी को कर विक्रय पत्र दिनांक 28.02.2024 को इनके पक्ष में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भवन का नामांतरण श्री धीरेन्द्र सिंह सोलंकी पिता श्री भंवर सिंह सोलंकी अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का श्री धीरेन्द्र सिंह सोलंकी पिता श्री भंवर सिंह सोलंकी के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक LIG.B-18 श्री नंदलाल भम्भोरिया पिता श्री नारायण सिंह को मण्डल आदेश क्रमांक 13778 दिनांक 17.12.1982 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 15.12.2002 उप पंजीयक कार्यालय में निष्पादित किया गया था। श्री नंदलाल भम्भोरिया पिता श्री नारायण सिंह का स्वर्गवास दिनांक 17.02.2012 को हो जाने से इनके पुत्र श्री संजय कुमार भम्भोरिया पिता स्व. श्री नंदलाल भम्भोरिया अपनी माता श्रीमती चंदादेवी पति स्व. श्री नंदलाल भम्भोरिया की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री संजय कुमार भम्भोरिया पिता स्व. श्री नंदलाल भम्भोरिया के अपने नाम करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का श्री संजय कुमार भम्भोरिया पिता स्व. श्री नंदलाल भम्भोरिया के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in